# आईपीएल 2024 : पहले मैच में सीएसके और आरसीबी में होगा मुकाबला

**चेन्नई (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17 वें सत्र के पहले मुकाबले में शुक्रवार को पिछले साल की विजेता चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) से होगा। इस शुरुआती मैच में दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी जिससे इसका रोमांचक होना तय है। इसमें पांच बार की विजेता रही सीएसके का लक्ष्य जीत से शुरुआत करना रहेगा। वहीं दूसरी ओर आरसीबी की टीम भी पहली बार खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी। सीएसके के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अब 42 साल के हो गये हैं। ऐसे में ये उनका अंतिम आईपीएल हो सकता है, इसलिए टीम उन्हें जीत का तोहफा देना चाहेगी। वहीं फाफ डु प्लेसिस की कप्तानी में उतर रही आरसीबी टीम के स्टार बल्लेबाज विराट के खिताब जीतने का सपना पूरा करना चाहेगी।

सीएसके टीम के सलामी बल्लेबाज डेवोन कोंवे शुरुआत मैचों से बाहर रहेंगे। उनकी जगह पर न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र को शामिल किया गया है। वहीं मध्यक्रम में बल्लेबाजी की जिम्मेदारी डेरिल मिचेल पर अनुभवी अजिंक्य रहाणे और युवा रूतुराज गायकवाड़ पर रहेगी। गायकवाड़ ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में महाराष्ट्र के लिए सर्वाधिक रन बनाए थे। सीएसके की ताकत उसके ऑलराउंडर और स्पिनर हैं जो चिदंबरम स्टेडियम की पिच पर कहर बरपा सकते हैं। रविंद्र जडेजा, मिचेल सेंटनेर, मोईन अली, रविंद्र, महीष तीक्षणा की गेंदबाजी यहां बेहद असरदार साबित होगी।

सीएसके के पास दीपक चाहर और शार्दुल ठाकुर जैसे अच्छे तेज गेंदबाज भी हैं। श्रीलंकाई गेंदबाज मथीषा पथिराना भी चोटिल होने के कारण शुरूआती कुछ मैच नहीं खेल सकेंगे। उनकी कमी डैथ ओवरों में सीएसके को



खलेगी। वहीं आरसीबी ने इस मैदान पर चेन्नई को 2008 से नहीं हराया है। दो महीने के ब्रेक के बाद मैदान पर लौट रहे विराट और कप्तान फाफ डु प्लेसी पर रन बनाने की जिम्मेदारी होगी।

इसके अलावा आरसीबी के पास कैमरन ग्रीन और ग्लेन मैक्सवेल भी टीम में हैं। तेज गेंदबाजों में उनके पास मोहम्मद सिराज, लॉकी फर्ग्युसन, अलजारी जोसेफ, आकाश दीप और रीसे टॉपली हैं। स्पिन गेंदबाजी में वानिंदु हसरंगा की कमी महसूस होगी पर मैक्सवेल के आने से टीम को लाभ होगा। पास अनुभव है।

**टीम**

**सीएसके :** महेन्द्र सिंह धोनी (कप्तान), मथीशा पथिराना, शिवम दुबे, डेरिल मिशेल, दीपक चाहर, शार्दुल ठाकुर, अजिंक्य रहाणे, ऋतुराज गायकवाड़, रवीन्द्र जड़ेजा, तुषार देशपांडे, महेश थीक्षणा

**आरसीबी :** फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), मयंक डागर, विराट कोहली, महिपाल लोमरोर, मोहम्मद सिराज, रजत पाटीदार, अल्जारी जोसेफ, कैमरून ग्रीन, ग्लेन मैक्सवेल, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), सुयश प्रभुदेसाई।

# आईपीएल में वापसी कर रहे स्टार्क पर रहेंगी नजरें



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल सत्र में इस बार कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) की ओर से खेल रहे ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क पर सबकी नजरें रहेंगी। इसका कारण है कि स्टार्क अब तक के आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी हैं। स्टार्क को ऐसे ही नहीं मिल गयी इतनी बड़ी रकम। इससे पहले उनपर 99 बार बोली लगी थी। वहीं अंतिम बोली केकेआर ने सबसे ज्यादा 24.75 करोड़ रुपये की लगायी थी।.

स्टार्क अब 8 साल बाद आईपीएल में खेलते नजर आएंगे। उन्होंने अंतिम बार रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) की ओर से साल 2015 में खेला था। इसके बाद से ही वह अलग-अलग कारणों से इस लीग से बाहर थे। वह कभीऑस्ट्रेलियन टीम की ओर से व्यस्त रहने के साथ ही चोटिल होने के कारण आईपीएल से बाहर थे। साल 2028 में केकेआर ने उन्हें 9.40 करोड़ में खरीदा था पर वह चोटिल होने के कारण मैदान पर नहीं उतरे थे।

ऐसे में स्टार्क पर आईपीएल के इस सत्र में बहुत दबाव भी रहेगा। वहीं ये भी कहा जाता है कि स्टार्क दबाव में ही अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। विश्वकप में ये सामने आया है। भारत में खेले गए इस विश्व कप के लीग मैचों में स्टार्क लय में नहीं थे पर नॉकआउट मैचों से सेमीफाइनल और फाइनल में उन्होंने जबरदस्त गेंदबाजी की। अब जब केकेआर की टीम श्रेयस अय्यर की कप्तानी में आईपीएल 2024 में उतरेगी तो स्टार्क से उसी प्रकार के बेहतर फॉर्म की उम्मीद करेगी। स्टार्क निचले क्रम में अच्छी बल्लेबाज भी करते हैं। टेस्ट क्रिकेट में उनके नाम 10 अर्धशतक हैं। स्टार्क का टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा स्कोर 99 है और केकेआर ने भी उन्हें आईपीएल नीलामी में 99वीं बोली लगाकर ही जीता था। 89 टेस्ट और 121 वनडे मैच खेल चुके मिचेल स्टार्क का ऑस्ट्रेलियाई टीम बड़े ही रणनीतिक तरीके से इस्तेमाल करता है। चाहे गेंदबाजी बदलाव हो या आराम देना उनका पूरा ध्यान रखा जाता है। केकेआर को भी यह ध्यान रखना होगा कि मिचेल कई बा चोटिल हो जाते हैं। ऐसे में केकेआर को उन्हें बीच में आराम भी देना होगा। केकेआर की आईपीएल 2024 में सफलता काफी हद तक इस गेंदबाज के प्रदर्शन पर आधारित रहेगी।

# आईसीसी टी20 बल्लेबाजी रैंकिंग में सूर्यकुमार नंबर एक पर बरकरार

**–गेंदबाजी में राशिद चार पायदान ऊपर आकर शीर्ष दस में पहुंचे**

**दुबई (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्री क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टी20 की बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव शीर्ष पर बने हुए हैं। सूर्यकुमार ने कुल 861 अंकों के साथ रैंकिंग में अपनी बढ़त बनाये रखी है। वहीं गेंदबाजी में अफगानिस्तान के राशिद खान की शीर्ष दस में वापसी हुई है। राशिद आईसीसी द्वारा अपडेट की गई रैंकिंग में चार स्थान ऊपर आकर नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। वह इससे पहले आयरलैंड सीरीज में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे थे। इस सीरीज में उन्होंने तीन मैचों में 5.62 की औसत से 8 विकेट लिए थे। वहीं अफगानिस्तान के ही नवीन-उल-हक दो स्थान के लाभ के साथ ही 55वें स्थान पर आ गये हैं। उन्होंने आयरलैंड सीरीज के दौरान अपने तीन विकेटों के बाद कुछ बढ़त हासिल की। आयरलैंड के जोश लिटिल सात स्थान ऊपर 39वें, मार्क अडायर दो स्थान ऊपर 56वें और बैरी मैक्कार्थी 15 स्थान ऊपर 77वें स्थान पर पहुंच गये हैं। वहीं एकदिवसीय में भारत के कप्तान रोहित शर्मा रैंकिंग में चौथे स्थान



पर आ गए हैं। रोहित 746 रेटिंग अंकों के साथ ही चौथे स्थान पर पहुंचे। भारत के ही विराट कोहली 768 अंक और शुभमन गिल 801 अंक लेकर उनके पीछे हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम 824 अंकों के साथ रैंकिंग में नंबर एक पर हैं। दूसरी ओर टेस्ट रैंकिंग की बात करें तो भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह कुल 847 अंकों के साथ गेंदबाजी रैंकिंग में दूसरे से तीसरे स्थान पर खिसक गये हैं। ऑस्ट्रेलिया के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड के भी इतने ही अंक हैं पर उनका इकॉनमी औसत बेहतर है।

# रोहित के अभ्यास के लिए पहुंचते ही गले मिले हार्दिक

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल 2024 के लिए रोहित शर्मा को हटाकर हार्दिक पंड्या को मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाये जाने के बाद से ही इन दोनो खिलाड़ियों में दूरियां आने की बातें कहीं जा रहीं थीं जो गलत साबित हुई हैं। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता हैं कि जब रोहित मुम्बई टीम के अभ्यास सत्र के लिए पहुंचे तो हार्दिक उनसे गले मिले।

मुंबई इंडियंस ने इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। यह वीडियो मुंबई इंडियंस के अभ्यास सत्र का है। इसमें मुम्बई के सभी खिलाड़ी खड़े हैं। इस दौरान पंड्या ने रोहित को देखा तो उनसे मिलने के लिए चले गए। रोहित पहले हाथ



मिलाना चाहते थे पर पंड्या ने उन्हें सीधे गले लगा लिया। पंड्या और रोहित के इस पूरे वाकये का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

रोहित ने इस दौरान इंग्लैंड के खिलाफ हाल में समाप्त हुई टेस्ट सीरीज के दौरान डेब्यू करने वाले खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने इन युवा क्रिकेटरों के साथ खेलने का भरपूर आनंद उठाया। विराट सहित कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में 5 युवा खिलाड़ियों रजत पाटीदार, ध्रुव जुरेल, सरफराज खान, आकाश दीप और देवदत्त पडिक्कल ने इस सीरीज से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। रोहित ने सोशल मीडिया पर कहा, 'व्यक्तिगत रूप से मुझे इनके साथ काम करके बहुत मजा आया जितने भी युवा लड़के थे, सब काफी हंसमुख थे। इनमें से अधिकतर को मैं अच्छी तरह से जानता था तथा मुझे उनके मजबूत पक्षों के बारे में पता था। मैं जानता था कि वह किस तरह से खेलना चाहते हैं। मेरा काम केवल उन्हें सहज बनाए रखना था। जिस तरह से उन्होंने मेरी और कोच राहुल द्रविड़ की उम्मीदों को पूरा किया, वह शानदार था।' मुंबई इंडियंस इस सत्र में अपना पहला मुकाबला 24 मार्च को गुजरात टाइटंस से खेलेगी।

## आईपीएल से ठीक पहले धोनी ने कप्तानी छोड़ी, रुतुराज बने सीएसके के नये कप्तान

चेन्नई। आईपीएल 2024 की शुरुआत से एक दिन पहले ही महेंद्र सिंह धोनी ने चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) की कप्तानी छोड़ दी है। अब युवा बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ को टीम का नया कप्तान बनाया गया है। 42 साल के धोनी ने 2008 में आईपीएल शुरू होने के बाद से ही सीएसके की कप्तानी की है। उन्होंने पिछले साल रवींद्र जडेजा को कप्तानी सौंपी थी पर जडेजा के असफल रहने के बाद धोनी को फिर कप्तान बना दिया गया था। वहीं अब गायकवाड़ को कप्तानी सौंपी गई है। दाएं हाथ के बल्लेबाज रुतुराज साल 2019 आईपीएल नीलामी के बाद से सीएसके के साथ हैं और उन्होंने अब तक शानदार फॉर्म और निरंतरता दिखाई है। तकनीकी कुशलता और अच्छी बल्लेबाजी के कारण इस युवा ने टीम में अपना एक अहम स्थान बनाया है।

# मुंबई इंडियंस ने दिलशान की जगह 17 साल के तेज गेंदबाज मफाका को शामिल किया

मुम्बई। मुंबई इंडियंस ने युवा दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज क्वेना मफाका को 2024 आईपीएल सत्र के लिए अपनी टीम में शामिल किया है। मुंबई ने वंडर ब्वॉय के नाम से मशहूर हुए 17 साल के मफाका को चोटिल श्रीलंकाई तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका की जगह पर रखा है। ऐसे में मफाका पहली बार आईपीएल में खेलते हुए नजर आयेंगे। बाएं हाथ के इस युवा तेज गेंदबाज ने इस वर्ष अंडर 19 विश्वकप में अपनी घातक गेंदबाजी से सबको प्रभावित किया था। मफाका अपने ही देश के अनुभवी तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा की तरह दिखते हैं। जिससे उनका नाम 'बेबी रबाडा' पड़ गया है। मफाका सटीक लाइन लेंथ से गेंदबाजी करने के कारण बल्लेबाजों के लिए मुसीबत बन जाते हैं। के लिए जाने जाते हैं. वह वर्ल्ड क्रिकेट में तेजी से उभरते हुए एक बेहतरीन तेज गेंदबाज हैं. वहीं श्रीलंकाई गेंदबाज दिलशान बांग्लादेश के खिलाफ समाप्त हुई एकदिवसीय सीरीज के दौरान चोटिल हो गए थे। मुंबई इंडियंस ने उन्हें आईपीएल नीलामी में 4.6 करोड रुपए में खरीदा था। मफाका ने अभी तक कोई अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है पर अंडर 19 विश्व कप में उसने 9.71 की औसत से 21 विकेट लिए थे और इसी कारण उसे टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड भी मिला था।

# विस्फोटक है दिल्ली कैपिटल्स का शीर्ष क्रम : चोपड़ा

नई दिल्ली। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि दिल्ली कैपिटल्स टीम का शीर्ष क्रम बेहद अच्छा है और उसके पास कई आक्रामक बल्लेबाज है। चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर कहा, उनके पास विनाशकारी शीर्ष क्रम है। पृथ्वी शॉ सिर्फ हिट करते हैं। उन्होंने एक ओवर में छह चौके भी लगाए हैं। उन्होंने शिवम मावी के खिलाफ ऐसा किया था। सा ही कहा कि पिछले साल से इस साल तक चीजें बहुत बदल गई हैं। अगर डेविड वार्नर हिट करना चाहते हैं, वह ऐसा बहुत अच्छे से करता है। उसने पिछले साल ऐसा करने का मन नहीं बनाया था। इसके साथ ही मिशेल मार्श और ऋषभ पंत की मौजूदगी से भी दिल्ली के बल्लेबाजी क्रम को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, मिशेल भी बेहद तेजी से खेलते हैं। उसके बाद ऋषभ



पंत हैं जो अपने आतिशी तूफानी अंदाज के लिए जाने जाते हैं। वहीं अगर मैं ट्रिस्टन स्टब्स को नंबर 5 पर रखता हूं, तो उनकी बल्लेबाजी भी सभी को हैरान कर देती है। ऐसे में देखा जाये तो शीर्ष पांच बल्लेबाज मन को झकझोर देने वाले हैं। आईपीएल सत्र 22 मार्च शुक्रवार से शुरू होगा जिसमें दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला शनिवार को चंडीगढ़ में पंजाब किंग्स से होगा।


**दिल्ली कैपिटल्स की टीम**

ऋषभ पंत (कप्तान), प्रवीण दुबे, डेविड वार्नर, विक्की ओस्टवाल, पृथ्वी शॉ, एनरिक नॉर्टजे, अभिषेक पोरेल, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, लुंगी एनगिडी, ललित यादव, खलील अहमद, मिशेल मार्श, ईशांत शर्मा, यश ढुल, मुकेश कुमार, हैरी ब्रूक, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, शाई होप, स्वास्तिक छिकारा

# पेरिस ओलंपिक के लिए विनेश की उम्मीदें बरकरार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महिला पहलवान विनेश फोगाट के पेरिस ओलंपिक खेलने की उम्मीदें अभी भी बनी हुई हैं। फोगाट ने महिलाओं के 50 वर्ग में जीत हासिल की थी जिससे वह अभी भी दावेदार बनी हुई हैं। बची हुई दो ओलंपिक क्वालीफिकेशन प्रतियोगिताएं अभी होनी बाकी हैं। विनेश के प्रदर्शन की बात करें तो विनेश ने दो वर्गों में प्रतिस्पर्धा की। जिसमें से उन्हें 53 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में उन्हें अंजू ने 0-10 से हराया पर 50 किग्रा वर्ग में विनेश ने 3-6 की हार से उबरते हुए फाइनल में शिवानी के खिलाफ 1-6 से जीत दर्ज की थी।

वहीं पुरुषों की 65 किग्रा वर्ग में अपने सेमीफाइनल मैच में बजरंग को रोहित कुमार से 1-9 से हार का सामना करना पड़ा। रोहित को फाइनल में सुजीत कलाकल के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा बजरंग की उम्मीदें इसलिए खत्म हो गईं क्योंकि, राष्ट्रीय क्वालीफायर में प्रदर्शन ये निर्धारित करेगा कि किसी पहलवान को ओलंपिक क्वालीफायर के लिए भेजा जाएगा या नहीं। बजरंग इसमें असफल रहे थे।



# महिला टी20 विश्व कप 2024 क्वालीफायर के लिए कार्यक्रम की घोषणा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुबई – अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गुरुवार को 25 अप्रैल से 7 मई तक अबू धाबी और संयुक्त अरब अमीरात में आयोजित होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। क्वालीफायर 2024 में इस साल के अंत में बांग्लादेश में होने वाले महिला टी20 विश्व कप में दो स्थानों के लिए 10 टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी।

पांच-पांच के दो समूहों में विभाजित 10 टीमें 25 अप्रैल से अबू धाबी के दो स्थानों पर क्वालीफायर में प्रतिस्पर्धा करेंगी। दोनों समूहों के दो टेबल-टॉपर्स 5 मई को सेमीफाइनल में भाग लेंगे जिसमें विजेता बांग्लादेश के लिए अपना टिकट बुक करेंगे और सितंबर और अक्टूबर में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 में मेजबान ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के साथ जुड़ेंगे।

क्वालीफायर 2024 के लिए स्कॉटलैंड, श्रीलंका, थाईलैंड, युगांडा और संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) ग्रुप ए में हैं जबकि आयरलैंड, नीदरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), वानुअतु और जिम्बाब्वे ग्रुप बी में हैं। इस आयोजन में पांच आईसीसी वैश्विक विकास क्षेत्रों के साथ-साथ आयरलैंड और श्रीलंका सहित आठ टीमें शामिल हैं जिन्हें दक्षिण अफ्रीका में आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2023 के शीर्ष छह में जगह नहीं मिली और इसलिए वे इस साल आईसीसी महिला टी20 विश्व कप के स्वचालित योग्यता से चूक गए।

क्वालीफायर का आयोजन जायद क्रिकेट स्टेडियम और टॉलरेंस ओवल में किया जाएगा जो अबू धाबी क्रिकेट और स्पोर्ट्स हब का हिस्सा हैं। मोहन ओवल, जो उसी क्षेत्र में स्थित है, 21 और 23 अप्रैल को दो अभ्यास मैचों की मेजबानी करेगा।

पहले दिन श्रीलंका का मुकाबला थाईलैंड से होगा जबकि स्कॉटलैंड टॉलरेंस ओवल में युगांडा से खेलेगा। जायद क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड का मुकाबला यूएई से और जिम्बाब्वे का मुकाबला वानुअतु से होगा। फाइनल 7 मई को जायद क्रिकेट स्टेडियम में होगा।

ग्रुप चरण के प्रत्येक मैच के दिन चार मैच खेले जाएंगे, जहां दो मैच टॉलरेंस ओवल और दो मैच जायद क्रिकेट स्टेडियम में होंगे। आईसीसी इवेंट हेड क्रिस टेटली ने कहा, 'हम आईसीसी महिला टी20 विश्व कप क्वालीफायर का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि यह एक अत्यधिक प्रतिस्पर्धी और रोमांचक कार्यक्रम होने जा रहा है जिसमें इस साल के अंत में बांग्लादेश में दो विश्व कप स्थानों के लिए 10 टीमें प्रतिस्पर्धा करेंगी।'

उन्होंने कहा, 'पिछले साल दक्षिण अफ्रीका में महिला टी20 विश्व कप की सफलता के बाद और महिलाओं के खेल में पहले से कहीं अधिक प्रशंसकों के शामिल होने से विश्व कप से पहले के कुछ महीने रोमांचक होंगे। यूएई में टीमों को शानदार अनुभव होना तय है। हम इस आयोजन के सहयोग के लिए अमीरात क्रिकेट बोर्ड के आभारी हैं और मुझे यकीन है कि वे फिर से साबित करेंगे कि वे कितने उत्कृष्ट मेजबान हैं।'

**ग्रुप**

ग्रुप ए : स्कॉटलैंड, श्रीलंका, थाईलैंड, युगांडा और संयुक्त राज्य अमेरिका

ग्रुप बी : आयरलैंड, नीदरलैंड, संयुक्त अरब अमीरात, वानुअतु और जिम्बाब्वे

# स्टार फुटबॉलर रोबिन्हो बलात्कार का दोषी करार, 9 साल जेल की सजा

नई दिल्ली। पूर्व रियल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी फारवर्ड रोबिन्हो को ब्राजील में बलात्कार के लिए नौ साल की जेल की सजा काटनी होगी, अदालत ने फैसला सुनाया। 2017 में रोबिन्हो को 2013 में 22 वर्षीय अल्बानियाई महिला के समूह यौन उत्पीड़न में इटली में नौ साल जेल की सजा सुनाई गई थी, जब वह एसी मिलान के लिए खेलते थे। लेकिन उस समय वह पहले ही अपनी मातृभूमि ब्राज़ील की यात्रा कर चुका था, जो अपने नागरिकों का प्रत्यर्पण नहीं करता है। परिणामस्वरूप, इटली ने उसे उसके गृह राष्ट्र में कारावास की मांग की। रिपोर्ट के अनुसार ब्राजील की एक अदालत ने इटली के अनुरोध के बाद अब फैसला सुनाया है कि उसे ब्राजील में जेल की सजा काटनी होगी, ब्राजील के सुपीरियर कोर्ट ऑफ जस्टिस के न्यायाधीशों ने रोबिन्हो की सजा को मान्य करने के लिए 9-2 से मतदान किया। सुपीरियर ट्रिब्यूनल ऑफ जस्टिस (एसटीजे) मामले में डाले गए 10 वोटों में से आठ रोबिन्हो की गिरफ्तारी और घरेलू धरती पर सजा काटने के पक्ष में थे। रोबिन्हो के वकील जोस एडुआर्डो एल्कमिन ने अदालत में कहा कि उनका मुवक्किल राष्ट्रीय संप्रभुता के आधार पर ब्राजील में पुनर्विचार चाहता है, जो देश के सर्वोच्च न्यायालय में संभावित अपील का संकेत देता है। पूर्व ब्राजीलियाई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी जिनके पास 100 राष्ट्रीय कैप हैं, ने रियल मैड्रिड के साथ अपने चार साल के कार्यकाल के दौरान दो ला लीगा चैंपियनशिप जीतीं। बाद में सितंबर 2008 में स्थानांतरण की समय सीमा के दिन 32.5 मिलियन के तत्कालीन ब्रिटिश रिकॉर्ड शुल्क पर उनका स्थानांतरण मैनचेस्टर सिटी में हो गया।



# भारतीय अंडर–23 फुटबॉल सीनियर मलेशिया से दो अभ्यास मैच खेलेगी

नई दिल्ली। भारतीय अंडर-23 फुटबॉल टीम को 22 और 25 मार्च को कुआलालंपुर में दो अभ्यास मैचों में मलेशिया का सामना करना है। इसके लिए टीम यहां शिविर में तैयारियों में लगी है। इसी दौरान टीम के मुख्य कोच नौशाद मूसा ने कहा है कि खिलाड़ियों को सीनियर टीम से प्रेरणा लेते हुए उसी अनुसार खेलने का प्रयास करना चाहिये। कोच के अनुसार जूनियर खिलाड़ियों को भी अपने लक्ष्य तय करन चाहिये जिससे उन्हें सीनियर टीम में आने के बाद खेलने में कोई परेशानी न हो। मूसा ने कहा, 'हमारे लिए यह देखना अहम है कि सीनियर टीम क्या चाहती है और हमें इसी के अनुसार खेलना चाहिए। ये ही खिलाड़ी अंत में सीनियर टीम में जायेंगे और खेलेंगे। उन्होंने कहा, 'हमारे लिए इस समय सबसे महत्वपूर्ण चीज लड़कों को यह बताना है कि हम किस तरह से खेलना चाहते हैं ताकि वे मैदान पर इसी तरह का खेल दिखा सकें। अभ्यास मैचों के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है।

भारतीय टीम इस प्रकार है : गोलकीपर : अर्श अनवर शेख, प्रभसुखन सिंह गिल और विशाल यादव।

डिफेंडर : विकास युमनाम, चिंगंबम शिवाल्डो सिंह, होर्मिपम रुइवा, नरेंद्र, रॉबिन यादव और संदीप मंडी।

मिडफील्डर : अभिषेक सूर्यवंशी, ब्रिसन फर्नांडिस, मार्क जोथनपुइया, मोहम्मद ऐमेन, फिजाम सनाथोई मीतेई, थोइबा सिंह मोइरांगथेम और विबिन मोहनन।

फॉरवर्ड : अब्दुल रबीह, गुरकीरत सिंह, इरफान यदवाड, इसाक वनलालरुआतफेला, खुमानथेम निन्थोइंगनबा मीतेई, मोहम्मद सानन, पार्थिब सुंदर गोगोई, समीर मुर्मू, शिवशक्ति नारायणन और विष्णु पुथिया वलप्पिल।

# भारतीय गेंदबाजों के खिलाफ खासे सफल रहे क्लार्क और कुक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के माइकल क्लार्क और इंग्लैंड के एलिस्टर कुक भारतीय टीम के खिलाफ बल्लेबाजी में खासे सफल रहे हैं। इन दोनो ही बल्लेबाजों ने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत भारत के खिलाफ करने के साथ ही शतक लगाया। भारत के खिलाफ अपने अंतिम टेस्ट में भी इन दोनों ने शतक लगाया। ये संयोग की बात है कि इन दोनों ही बल्लेबाजों ने अपना सर्वोच्च टेस्ट स्कोर भी टीम इंडिया के खिलाफ बनाया। टेस्ट करियर के ओवरऑल बल्लेबाजी से ज्यादा औसत इन्होंने भारत के खिलाफ दर्ज किया। इन दोनों ही क्रिकेटरों का करियर करीब 12 साल का रहा है।

दोनों बल्लेबाजों में माइकल क्लार्क का करियर पहले शुरू हुआ। अक्टूबर 2004 में बेंगलुरू में इन्होंने भारत के खिलाफ अपना पहला टेस्ट खेला और अपनी पहली पारी में ही 248 गेंदों पर 18 चौकों और चार छक्कों की मदद से 151 रन बनाये। इसी प्रकार बाएं हाथ के ओपनर एलिस्टर कुक ने भी अपना टेस्ट डेब्यू भारत के खिलाफ मार्च 2006 में नागपुर में किया। टेस्ट की पहली पारी में 60 रन बनाने के बाद उन्होंने दूसरी पारी में नाबाद 104 रन (बनाए थे। क्लार्क ने भारत के खिलाफ अपना आखिरी टेस्ट दिसंबर 2014 में एडिलेड में खेला और इसमें पहली पारी में 128 रन बनाये। वहीं कुक की बात करें तो उन्होंने अपना आखिरी टेस्ट भारत के खिलाफ दिसंबर 2018 में ओवल में खेला था। टेस्ट को यादगार बनाते हुए उन्होंने पहली पारी में 71 और दूसरी पारी में 147 रन बनाये थे।

क्लार्क और कुक, दोनों ने टेस्ट का अपना सर्वोच्च स्कोर भारत के खिलाफ ही बनाया था। क्लार्क ने टेस्ट क्रिकेट में एक तिहरा शतक भी लगाया है। यह भारत के खिलाफ जनवरी 2012 में सिडनी टेस्ट में बना था। मैच में क्लार्क ने ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी भी की थी। उन्होंने नाबाद 329 रन बनाए थे। कुक भी भारत के खिलाफ तिहरा शतक बनाने के बहुत करीब पहुंच गए थे। दुर्भाग्यवश उन्हें 294 के स्कोर पर आउट होना पड़ा था। क्लार्क और कुक ने जिस टेस्ट में अपना सर्वोच्च स्कोर बनाया था, उन दोनों में टीम इंडिया को पारी के अंतर से हार मिली थी। क्लार्क ने 115 टेस्ट के अपने करियर में भारत के खिलाफ 22 टेस्ट में 53.92 के औसत से 2049 रन बनाए जिसमें 7 शतक शामिल हैं। वहीं कुक की बात करें तो उन्होंने भारत के खिलाफ उन्होंने 30 टेस्ट में 7



शतक की मदद से 2431 रन बनाए हैं और उनका औसत 47.66 का है।